हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 15 मई 2026

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]


# चौथी रेल लाइन का चलेगा काम..सात जून से थमेंगे 72 ट्रेनों के पहिये

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चौथी लाइन का कार्य आटो सिग्नलिंग सहित अन्य अधोसंरचना कार्यों के कारण रेल प्रशासन ने एक बार फिर से एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और पैसेंजर सहित करीब 72 ट्रेनों के पहियों को 7 जून से 12 दिनों तक थामने का आदेश जारी कर दिया है। यह सारी ट्रेनें हावड़ा-मुम्बई और बिलासपुर-रायगढ़ बीच चलने वाली है।

रेलवे के अनुसार बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना में शामिल है, जो पूरे क्षेत्र को उत्तर एवं दक्षिण भारत से जोड़ती है। परिचालन को और भी सुचारू तथा नई गाड़ियों के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी लाइन का निर्माण हो रहा है। जिसमें अब तक 180 किलोमीटर से अधिक रेल लाइन निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। इसमें अब बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के चांपा स्टेशन में चौथी लाइन को जोड़ने का कार्य 7 से 19 जून तक विभिन्न तिथियों में किया जाएगा।

## बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी लाइन का हो रहा निर्माण



**यात्रियों को होगी परेशानी :** रद्द ट्रेनों के अलावा 11 व 13 जून को 12222 हावड़ा-पुणे दूरंतो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, रायपुर होकर, 13 व 15 जून को 12221 पुणे-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 12 व 15 जून को 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो, एक्सप्रेस झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, रायपुर होकर, 12 व 13 जून को 12101 एलटीटी-शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 14 व 15 जून को 2102 शालीमार-एलटीटी ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, रायपुर होकर, 13 व 17 जून को 12879 एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर निकाली जाएगी। जिसके कारण ट्रेन के यात्रियों को रायपुर के बाद बिलासपुर, रायगढ़, झारसुगुड़ा तक सफर करने की सुविधा नहीं मिल सकेगी।

### कुछ ट्रेन बीच में ही होगी समाप्त

परिवर्तित ट्रेनों के अलावा कुछ ट्रेनों को बीच में ही समाप्त किया जाएगा। इसमें 8 से 19 जून तक 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा अप-डाउन पैसेंजर ट्रेन झारसुगुड़ा से बिलासपुर और बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच, 8 से 19 जून तक 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा से बिलासपुर के बीच, 7 से 18 जून तक 18518 विशाखापट्टनम-कोरबा लिंक एक्सप्रेस बिलासपुर से कोरबा के बीच, 8 से 19 जून तक 18517 कोरबा-विशाखापट्टनम बिलासपुर से शुरू करते हुए कोरबा से बिलासपुर के बीच, 10 व 13 जून को 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंड़वाना एक्सप्रेस बिलासपुर से रायगढ़ के बीच, 12 व 15 जून को 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रायगढ़ से बिलासपुर के बीच रद्द करने के बाद बिलासपुर स्टेशन से निजामुद्दीन के लिए रवाना की जाएगी।

### डेढ़ घंटे विलंब रहेगी यह ट्रेन

वहीं 11 से 15 जून तक 12109 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस निर्धारित समय से 3 घंटे, 11 से 15 जून तक 12809 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट, 12 से 16 जून तक 12070 गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस 2 घंटे, 12 से 16 जून तक 18249 व 18251 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस दो घंटे, 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट विलंब से रवाना होगी।

### प्रभावित होने वाली ट्रेनें

7 से 18 जून तक 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस।
8 से 19 जून तक 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस।
8 से 19 जून तक 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस।
12 से 17 जून तक 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस।
10 से 14 जून तक 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस।
11 से 15 जून तक 12833/12834 अहमदाबाद-हावड़ा अप-डाउन एक्सप्रेस।
12 जून को 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस।
14 जून को 12869 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस।
12 व 15 जून को 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस।

## लंबे समय से फरार चल रहे थे आरोपी, पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# चार बड़ी चोरी में शामिल गिरोह गिरफ्त में पकड़े गए सिगरेट पार करने वाले आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की दुकानों में छत के रास्ते घुसकर लाखों की चोरी हुई थी। इस मामले की जांच करते पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, टावर डंप एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर मुख्य आरोपी को राजस्थान के बांसवाड़ा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में पुलिस द्वारा शहर में हुई चार बड़ी चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते राजस्थान के एक अंतर्राज्यीय शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में रात्रि के समय दुकानों की छत के रास्ते अंदर प्रवेश कर गल्ले से नगदी एवं कीमती सामान चोरी किए जाने संबंधी शिकायतों पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।



### राजस्थान के चोर गिरोह की संलिप्तता

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने पत्रकारवार्ता में बताया कि उक्त मामलों पर कोतवाली पुलिस एवं साइबर थाना द्वारा विशेष टीम गठित कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, टावर डंप एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के एक शातिर गिरोह की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने चोरी के उक्त मामले में आरोपी दिनेश चरपोटा 36 वर्ष निवासी गणेशीलाल का पाड़ला चौकी माहीडेम थाना भुंगड़ा जिला बांसवाड़ा राजस्थान पर कार्रवाई की है। इस प्रकरण में अन्य फरार आरोपी हरिश उर्फ हरिया चरपोटा, परमेश उर्फ फन्टु चरपोटा व सुनील चरपोटा निवासी जिला बांसवाड़ा राजस्थान है।

### अन्य की तलाश जारी

पुलिस टीम द्वारा राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में दबिश देकर मुख्य आरोपी दिनेश चरपोटा को केंद्रीय जेल बांसवाड़ा से प्रोडक्शन वारंट पर प्राप्त कर राजनांदगांव लाया गया है। मामले में विस्तृत पूछताछ एवं अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### दर्ज चोरी की घटनाएं

पुलिस के अनुसार नंदलाल हार्डवेयर महावीर चौक से 3-4 सितंबर की रात्रि गल्ले से 60,000 रुपए नगद, गणेश मेडिकल स्टोर मानव मंदिर चौक से 17-18 सितंबर की रात्रि 7,00,000 रुपए नगद, नरेश वॉच मानव मंदिर चौक से 17-19 सितंबर के मध्य 2,50,000 रुपए नगद एवं 12-13 नग कीमती घड़ियां एवं संगम साड़ी दुकान हमालपारा से 26-27 अगस्त की रात्रि 3,00,000 रुपए नगद एवं एक पुरानी सोने की चैन सहित कुल 4,00,000 रुपए के चोरी की वारदात हुई थी।

## सिगरेट चोरी के मुख्य आरोपी की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के एक व्यवसायी के गोदाम से बड़ी मात्रा में सिगरेट चोरी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 1 मई को प्रार्थी राहुल तेजवानी 34 साल सिंधी कॉलोनी लालबाग द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 अप्रैल की रात से 1 मई की सुबह 5 बजे के मध्य उसके आरसीएम इन्टरप्राईजेस एवं गोदाम अनमोल परिसर पुराना रेस्ट हाउस में रखे सिगरेट का कार्टून कुल कीमती 11,90,000 रुपए को कोई अज्ञात चोर द्वारा रात्रि मे दुकान ताला तोड़कर चोरी कर ले जाना बताया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस कायम किया गया था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने पत्रकारवार्ता में बताया कि इस मामले में सीसीटीवी कैमरा के फुटेज में मिले क्लू के आधार पर गठित पुलिस टीम को जबलपुर एवं पुणे के आरोपियों की पतासाजी के लिए रवाना कर जबलपुर से सागर घोड़के 29 वर्ष एवं कुणाल पांडुरंग जाधव 26 साल निवासी महाराष्ट्र को हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ करने पर 2 अन्य साथी विपुल संदीप विटकर व विक्रम राजपूत निवासी पुणे महाराष्ट्र के साथ अर्टिगा कार से राजनांदगांव आकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

### घटना में प्रयुक्त कार जब्त

आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार को जब्त किया गया तथा पुणे महाराष्ट्र से विपुल विटकर 21 साल निवासी महाराष्ट्र की पतासाजी कर 14 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। मुख्य आरोपी विक्रम सिंह राजपूत निवासी पुणे महाराष्ट्र के संबंध में गठित टीम द्वारा लगातार पतासाजी किया जा रहा है।

## पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में आरोपियों को पकड़ा

# कार में बार्डर से शराब तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मप्र निर्मित शराब को कार में भरकर आधी रात बार्डर पार कर लाया जा रहा था। जिसकी सूचना पर पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में कार का पीछा किया और आरोपियों को धरदबोचा। इस दौरान आरोपी कार चालक ने बेरीगेट के अलावा पुलिस की गाड़ी को भी ठोकर मारते भागने का प्रयास किया। कार से 43 पेटी गोवा व्हिस्की शराब बरामद की गई है।

ज्ञात हो कि बार्डर इलाके से लगातार अवैध रूप से शराब तस्करी की खबरें आती रही है, जिसे देखते पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर शराब तस्करों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई अभियान तेज कर दिया है। लगातार पुलिस द्वारा शराब के मामलों में कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत थाना बागनदी पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की विक्टोरियस कार में मध्यप्रदेश से बिक्री के लिए बड़ी मात्रा में गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब परिवहन की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने पत्रकारवार्ता में बताया कि उक्त सूचना पर थाना बागनदी प्रभारी नंदकिशोर गौतम नेतृत्व में थाना बागनदी स्टाफ एवं साइबर थाना की संयुक्त टीम द्वारा द्वारा ग्राम बागनदी चौक में घेराबंदी कर सघन नाकाबंदी की गई। 14 मई की रात्रि लगभग 2 बजे संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु कार चालक द्वारा नाकाबंदी में लगे बेरीगेटस को तोड़ते हुए पुलिस की अधिकृत स्कॉर्पियो वाहन को टक्कर मार दी तथा ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जान का खतरा उत्पन्न करते तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन भगाने लगा।

**पुलिस ने पीछा कर पकड़ा:** पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर आरोपी वाहन को अनियंत्रित कर सड़क किनारे गड्ढे में उतार दिया गया। जिसके बाद घेराबंदी कर वाहन में सवार दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम करण केंवट 21 वर्ष निवासी स्मृति नगर चौक भिलाई व किशन धीवर 25 वर्ष निवासी जेवरा सिरसा जिला दुर्ग बताया।

### तीन लाख की शराब बरामद

वाहन की तलाशी लेने पर कुल 43 पेटी मध्यप्रदेश में बिक्री हेतु अनुज्ञिप्त गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जिसमें कुल 2150 नग (387 लीटर) शराब पाई गई। जब्त शराब की कीमत लगभग 2,90,250 रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त कार की कीमत लगभग 12 लाख रुपए आंकी गई। कुल जुमला मशरूका 15,17,250 रुपए जब्त किया गया।

### आरोपियों की तलाश जारी

आरोपियों के विरुद्ध थाना बागनदी में धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट धारा 281, 132, 324(3), 324(4) बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने शराब को जेवरा सिरसा निवासी गोलू सरदार उर्फ सवेन्दर सिंह के लिए ले जाना तथा आमगांव निवासी सोनू द्वारा शराब उपलब्ध कराया जाना बताया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## खबर संक्षेप

### सूखे कुएं में गिरे गौवंश को सुरक्षित निकाला

**खैरागढ़।** एक बछड़ा गांव के सूखे कुंए में गिर गया था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। आरक्षक ने मानवता और साहस का परिचय देते कुएं में उतरकर बछड़े को बाहर निकाला, जिसे देख लोग भाव विभोर हो गए।धनेली में एक बछड़ा लगभग डेढ़ दिन से सूखे कुएं में गिरा हुआ था। खैरागढ़ में पदस्थ आरक्षक धनेश्वर ठाकुर तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने मानवता का परिचय देते स्वयं कुएं में उतरकर बछड़े को सुरक्षित कुएं से बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की।

# भाजपा ने तीन नाम का तैयार किया पैनल पार्षद पद के लिए हर वार्ड में दो से तीन नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगातार बैठकों के बाद घुमका नगर पंचायत चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के लिए तीन नामों का पैनल तैयार कर लिया है। वहीं पार्षद पद के लिए हर वार्ड में दो से तीन दावेदार सामने आए हैं। भाजपा ने चुनावी जंग को लेकर नेताओं को जिम्मेदारी भी सौंप दी है। 16 या 17 मई को प्रत्याशियों की घोषणा होने की संभावना है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा संगठन ने घुमका चुनाव को लेकर बुधवार को हर वार्ड में बैठकें आहूत की थी। इन बैठकों में प्रत्याशी चयन को लेकर कवायद पूरी की गई है। बताया जाता है कि घुमका नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए मधु जंघेल, पेमिन सिन्हा और शांति निर्मलकर का नाम सामने आया है। संगठन ने तीनों नामों का पैनल तैयार कर लिया है। वहीं पार्षद पद के लिए भी हर वार्ड में दो से तीन नाम सामने आए हैं। सूत्रों की माने तो भाजपा द्वारा घुमका और उसके आसपास के गांवों के नेताओं से भी प्रत्याशी चयन को लेकर लगातार बैठक की जा रही है।

### बैठक में तैयारियों पर मंथन

जिला भाजपा ने गुरुवार को जिला कार्यालय में चुनाव को लेकर एक बड़ी बैठक आहूत कर चुनाव की तैयारियों को लेकर मंथन किया। इस बैठक में वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ घुमका के स्थानीय नेताओं को भी आमंत्रित किया गया था। सूत्रों ने बताया कि चुनाव संचालक महापौर मधुसूदन यादव ने भी गुरुवार को घुमका पहुंचकर बूथ स्तर के नेताओं से मुलाकात कर रणनीति तैयार की है।

# अध्यक्ष सहित पांच वार्ड में सिंगल नाम 16 की बैठक के बाद प्रत्याशियों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवगठित घुमका नगर पंचायत के चुनाव को लेकर कांग्रेस ने जमीनी स्तर पर प्रत्याशी चयन की कवायद को अंतिम रूप प्रदान कर दिया है। लगातार बैठकों के बाद अध्यक्ष सहित पांच वार्ड पार्षद पद के लिए जहां सिंगल नाम सामने आए हैं।

दस वार्ड में दो से तीन आवेदन आने से अब पैनल तैयार किए जाने की तैयारी है। इधर कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन के लिए आगामी 16 मई को फाइनल बैठक आहूत की है। जिसके बाद प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि घुमका नगर पंचायत के उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक ली थी। इस बैठक में दावेदारों से आवेदन लेने का निर्णय लिया गया था। बुधवार को इस प्रक्रिया में नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए सिर्फ एक दावेदारी सामने आई है।

सूत्रों ने बताया कि घुमका की पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा ने अकेले दावेदारी की है। ऐसा माना जा रहा है कि कांग्रेस ने उन्हें चुनाव की तैयारी शुरू करने के संकेत भी दे दिए हैं। इधर पार्षद पद में पांच वार्ड में सिंगल और दस में दो से तीन नाम सामने आए हैं।

### विधायक की पसंद पर लगेगी मुहर

घुमका नगर पंचायत के उप चुनाव को लेकर कांग्रेस ने विधायक हर्षिता बघेल की पसंद पर मुहर लगाने की तैयारी की है। ऐसी चर्चा है कि पूरा चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ा जाएगा। यही कारण है कि अध्यक्ष पद पर फूलमती वर्मा का नाम लगभग फाइनल माना जा रहा है। 16 को आहूत बैठक में विधायक और कांग्रेस संगठन द्वारा नामों पर विचार किया जाएगा। इसके बाद सूची प्रदेश संगठन को सौंपी जाएगी। 17 मई को प्रत्याशियों की घोषणा होने की पूरी संभावना है।

# 30 लाख का धान घोटाला, प्रबंधक और आपरेटर पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगढ़ ब्लॉक अंतर्गत मोहारा सेवा सहकारी समिति में धान के अवैध उठाव और फर्जी शॉर्टेज के मामले में जिला कलेक्टर के निर्देश पर अब समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

इस मामले में करीब 30 लाख 86 हजार रुपए मूल्य के 995 क्विंटल धान को रिकॉर्ड में सूखत बताकर गायब करने की कथित साजिश का ग्रामीणों ने भंडाफोड़ कर दिया था। मामले के सामने आते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया और कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर समिति प्रबंधक संतोष वर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेदप्रकाश साहू सहित अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ धारा 420, 318-4 और 316-5 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि जिले के करीब दो दर्जन उपार्जन केंद्रो में भी धान गायब होने की लगातार शिकायतें सामने आ रही है।



### कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस जांच शुरू

मामले की गंभीरता को देखते कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने तत्काल संज्ञान लेते संबंधित समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर और अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के आदेश के बाद मोहारा चौकी में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। गौरतलब है कि धान से जुड़े मामलों में पिछले 24 घंटे के भीतर यह दूसरा मामला है। जिसमें प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है।







## खबर संक्षेप

### डिवाइडर से टकराई कार



**चिचोला।** झुरा नदी के डिवाइडर से एक कार टकरा गई। यह कार नागपुर से रायपुर की ओर जा रही थी। कार क्रमांक एमएच 31 एफई 6559 तेज रफ्तार में होने से पुलिया के अहाता से टकरा गई। कार चालक और सवार महिला को हल्की चोटे आई है। घटना के बाद डिवाइडर के कारण गाड़ी रुक गया नहीं तो सीधा नदी में गिरती । यहां पर अंधा मोड़ के कारण से आउ दिन घटना होते रहती है।

### विस अध्यक्ष से मिले मोर्चा कार्यकर्ता



**डोंगरगढ़।** जिला भाजयुमो के मन की बात प्रमुख ने अपनी नियुक्त के बाद कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए युवा मोर्चा की आगामी गतिविधियों एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा किया गया। भेंट के दौरान डॉ. ने संगठन को मजबूत बनाने, युवाओं को पार्टी से जोड़ने तथा जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

### जुड़वा भाइयों ने रचा सफलता का इतिहास



**डोंगरगढ़।** शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री निजार जीवा के दोनों जुड़वा पुत्रों अकिफ जीवा एवं अदीब जीवा ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परिवार और शहर का नाम रोशन किया है। अकिफ जीवा ने 88 प्रतिशत तथा अदीब जीवा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। दोनों ने अपनी सफलता का श्रेय केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षकों को दिया। इस सफलता पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन



**कलकसा।** साहित्य प्रवाह समिति डोंगरगढ़ के तत्वावधान एवं वरिष्ठ सदस्य गुलशन बालाघाटी के संयोजन में रेल्वे कालोनी में अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम गोष्ठी का शुभारंभ माँ शारदे की पूजा अर्चना के साथ हुआ। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति अमृत दास साहू ने दी। इस मौके पर साहित्यकारों मातृ शक्ति को समर्पित रचनाओं का पाठ किया। आयोजन में तजिंदरसिंह भाटिया, नवीन सोनी, हबीब खान, संजय तिवारी, अमृत दास साहू, मुकेश हाड़गे, गुणवंत भिवगढ़े, गुलशन बालाघाटी, सुजाता साहू, मदन मंडावी, राजेन्द्र साहू, वेदराम पटेल शामिल हुए। गोष्ठी का संचालन राजेन्द्र साहू तथा आभार प्रदर्शन नवीन सोनी ने किया।

### पंचायत उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू

**डोंगरगांव।** जनपद क्षेत्र में आधा दर्जन पंच और एक जनपद सदस्य के उप निर्वाचन की प्रकिया शुरू हो गई है। त्रिस्तरीय पंचायत हेतु 11 मई को सूचना प्रकाशन किया गया। जानकारी के अनुसार जनपद क्षेत्र क्रमांक 5 मचानपार के सदस्य दौवाराम नारंग के निधन बाद उपचुनाव हो रहा है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत के कोकपुर के वार्ड दो, कोहका ढाबा के वार्ड पांच, ढाबा के वार्ड 7, हल्दी के वार्ड 7, कु भांठागांव के वार्ड 9 और परना के वार्ड क्रमांक 11 में पंच का उपचुनाव होना है। जानकारी के अनुसार नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18 मई को अपरान्ह 3 बजे तक है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 19 मई को 10.30 बजे से की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 21 मई अपरान्ह 3 बजे तक है। अभ्यर्थिता वापसी के बाद अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। एक से अधिक अभ्यर्थी होने पर आगामी 1 जून को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान होगा।

### नीट परीक्षा रद्द होना सरकार की बड़ी असफलता



**डोंगरगढ़।** नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धीरज मेश्राम ने नीट परीक्षा रद्द होने पर शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि परीक्षा का रद्द होने से 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों को गहरा आघात लगा है। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों परिश्रम कर डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं किन्तु परीक्षा में गड़बड़ी और प्रश्नपत्र लीक होने जैसी घटनाएं बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## कांग्रेस ने किया प्रदर्शन और नारेबाजी, उग्र आंदोलन की चेतावनी

# पट्टा विवाद पर बढ़ा सियासी तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सुशासन त्यौहार के जरिए जनता की समस्याओं के निराकरण का दावा किया जा रहा है वहीं नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 में आयोजित शिविर ने प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिया है।

वार्डवासी वर्षों से लंबित आवासीय पट्टों की मांग को लेकर शिविर में पहुंचे थे। लोगों का कहना था कि वह लंबे समय से निवास कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें जमीन का पट्टा नहीं मिला है। वार्डवासियों ने शिविर में मौजूद अधिकारियों से तत्काल समाधान की मांग की गई, लेकिन जब उन्हे संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो आक्रोशित लोगों ने विरोध स्वरूप शिविर स्थल में तालाबंदी कर दिया।



### महिला कर्मियों ने की शिकायत

नगर पालिका की उपअभियंता दीपाली तम्बोली और नेहा साहू ने एसडीएम के समक्ष शिकायत की है। उनका कहना है कि बंधक बनाए जाने से उनकी तबियत बिगड़ गयी है। उन्होने कार्रवाही की मांग की।

### महिला पार्षद पर नहीं की कोई कार्रवाई

इस पूरे मामले में पार्षद नीडल प्रीति चमन समुद्र भी शामिल थी किंतु उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई क्योंकि वह भाजपा समर्पित मानी जाती है और जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उन्हें सुबेरे 12:01 बजे थाने से छोड़ दिया गया था और शाम 7:00 से 8:00 के बीच बुलाकर रात के 9:30 के बाद जेल भेजा गया कार्रवाई कर जिसको भी लेकर पुलिस पर सवालिया निशान उठ रहे है।

### कांग्रेस आई सामने

इस पूरे घटनाक्रम ने राजनीतिक रंग ले लिया। प्रशासनिक अधिकारियों की शिकायत पर पुलिस ने पूर्व पार्षद कृष्णा लिलहारे, पार्षद प्रीति समुंद्रे सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस द्वारा पूर्व पार्षद कृष्णा लिलहारे को गिरफ्तार करने के बाद कांग्रेस खुलकर मैदान में उतर आ गई। गुरूवार को कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्थानीय तहसील कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि जनता के हक और आवासीय पट्टों की मांग उठाने वालों पर कार्रवाई करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

### प्रशासन पर उठाया सवाल

कांग्रेसियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि मोहारा सेवा सहकारी समिति में कथित अवैध धान बिक्री मामले में ग्रामीणों की शिकायतों के बाद भी एफआईआर नहीं की गई, जबकि पट्टे की मांग को लेकर आवाज उठाने वाले जनप्रतिनिधि पर कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया। कांग्रेस ने इसे सत्ता के दबाव में की गई कार्रवाई" बताया है।

### नागरिकों में नाराजगी

पालिका क्षेत्र में आवासीय पट्टों का मुद्दा लंबे समय से बना हुआ है। समाधान शिविर में समाधान की उम्मीद के साथ पहुंचे लोगों को कार्रवाई और गिरफ्तारी का सामना करना पड़ा, जिसे लेकर नाराजगी देखी जा रही है। वहीं कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि पूर्व पार्षद कृष्णा लिलहारे की जल्द रिहाई नहीं हुई और पट्टे की मांग को पूरा नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## धान चोरी के मामले में अधिकारी मौन क्यों

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव ने मोहारा सेवा सहकारी समिति में सामने आए धान चोरी के मामले को सुशासन पर करारा गहरा झटका बताया है।

श्री यादव ने कहा कि मोहारा सोसायटी में लगभग 1200 कट्टा धान कोचियों के माध्यम से बेचने का मामला उजागर हुआ है। ग्रामीणों की सतर्कता से कोचिया की गाड़ी पकड़ी गई और सरकारी धान की लूट का पर्दाफाश हुआ। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने धान खरीदी के दौरान घर-घर जाकर जांच की और परेशान किया, वह अब धान की चोरी पर मौन हैं। घटना की सूचना मिलने पर श्री यादव ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने चेतावनी दी कि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो चक्का जाम किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर के नाम ज्ञापन मोहारा चौकी प्रभारी को सौंपा गया है। इस दौरान मुरली वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंचराम चंदेल, दयालु वर्मा, मोरध्वज वर्मा, लोकनाथ भारती, संतोष वर्मा, रंजीत भारती, फत्तू वर्मा, परमेश्वर, ओमकार वर्मा, कन्हैया वर्मा, रामदयाल वर्मा, रोहित वर्मा, गोकुल, गेंदलाल, विष्णु, रेखराज, पतराम वर्मा, सुखराम वर्मा, नेमचंद, तरणलाल वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## पोस्टर स्पर्धा में देव्यानी विजेता



■ देश में तकनीकी क्षमता पर विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर देव्यानी, द्वितीय रविना बघेल एवं तृतीय प्रिया रही। तदुपरांत इस दिवस का महत्व प्रदर्शित करने हेतु छात्रों एवं अतिथि व्याख्याताओं के मध्य चर्चा हुई। छात्रों ने बताया कि यह दिवस पहले परमाणु परीक्षण पोखरण (द्वितीय) तथा हंसा-3 स्वदेशी विमान की सफल उड़ान को याद करने एवं भारत की तकनीकी प्रगति को सम्मानित करने मनाया जाता है। व्याख्याताओ ने कहा कि यह दिवस भारत की रक्षात्मक क्षमता और आत्मनिर्भरता को दर्शाता है। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, कंचन साहू, डॉ हेमलता विरदी, शुभि जैन, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, संध्या गावरे, ज्ञानेश्वर देवांगन, खेलन साहू, चंद्रकांत कुंभकार, ओमप्रकाश सहारे आदि उपस्थित थे।

## मेयर ने किया प्याऊ घर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार महिला मंडल द्वारा संचालित बूंद-बूंद अमृत प्याउ घर का रेल्वे स्टेशन रोड में महापौर मधुसूदन यादव द्वारा उद्‌घाटित किया गया।

सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार महिला मंडल की प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुषमा सिंह, प्रदेश सचिव ममता शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. श्वेता शर्मा, जिलाध्यक्ष ममता सोनी, शहर अध्यक्ष अनुराधा लोहिया, शहर संयोजक उषा खंडेलवाल व शहर प्रभारी मधु खंडेलवाल ने बताया कि राजनांदगांव की सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार महिला मंडल द्वारा संचालित बूंद-बूंद अमृत प्याऊ घर का 11 मई को संध्या 5 बजे रेलवे स्टेशन रोड के पास उद्‌घाटन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, करणी सेवा के अध्यक्ष संजय बहादुर सिंह, समाजसेविका शारदा तिवारी एवं समाजसेवक करनैल सिंह ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस कार्य को सफल बनाने ममता अवस्थी, सविता जोशी, रंजना शर्मा, मनीषा श्रीवास्तव, ज्योति खंडेलवाल, रचना मेनन, तोईशा बंदेले, अनीता सिंह व अन्य ने अपना योगदान दिया। इस दौरान रामावतार जोशी, संजय लड्ढा, संजय अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मौसमी शर्मा एवं सुषमा सिंह ने दी।

## शिविर में उठा बांस की कमी और कालाबाजारी का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अछोली में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी समस्याएं प्रशासन के सामने रखीं। किसानों ने बांस नहीं मिलने तथा बिचैलियों के माध्यम से कालाबाजारी का मामला उठाया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जरूरतमंदों को बांस नहीं मिल रहा है, जबकि कुछ लोगों ऊंचे दामों पर बेच रहे है।

सुराज तिहार अंतर्गत दूसरे समाधान शिविर में जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण साहू, सभापति प्रशांत कोड़ापे, सस्य अनीता मंडावी, जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, सरोज वर्मा, ओमप्रकाश मंडावी सहित अन्य शामिल हुए। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों को बताया कि बांस नहीं मिलने से खेती और अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कुछ लोगों के बांस की कालाबाजारी करने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। अधिकारियों ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### समय पर नहीं मिल रहा भुगतान

शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना के तहत 65 नए आवेदनों के स्वीकृत होने की जानकारी दी गई। पोषण आहार के भुगतान में हो रही देरी का मुद्दा भी महिलाओं ने उठाया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार के सदस्य की मृत्यु होने पर मिलने वाली मुफ्त बीमा योजना की जानकारी दी। शिविर में गोद भराई एवं अन्नप्राशन की रस्म अदा किया गया।



### पूर्णिमा दास का निधन

**डोंगरगढ़।** रेल्वे चौक निवासी पूर्णिमादास का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह गोपा दास की माता थी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर समाजिक जनों ने शोक व्यक्त किया है।

## खेलो इंडिया सेंटर में जर्सी का अनावरण

### अनुशासन में रहकर खेलने से ही बढ़ते हैं खिलाड़ी : मधुसूदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजनांदगांव में खेलो इंडिया सेंटर विगत 3 वर्षों से संचालित की जा रही है। जिसमें शासन द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बालक एवं बालिका हॉकी खिलाड़ियों को वर्ष में दो बार प्लेयिंग किट का वितरण किया जाता है।

इसी कड़ी में आज महापौर मधुसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य तथा ए. एक्का सहायक निदेशक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, पार्षद सावन वर्मा, पार्षद छोटेलाल रामटेके, पार्षद मनोहर यादव तथा जिला हाकी संघ सचिव शिवनारायण धकेता, नीलम जैन, भूषण साव के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

### स्टेडियम में हाईमास्क लाइट की घोषणा

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार लगातार खेल को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। बहुत जल्द अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम के इस एस्ट्रोटर्फ को भी बदलने का कार्य करेगी। श्री यादव ने खिलाड़ियों से अनुशासन में रहकर उत्कृष्ट खिलाड़ी बनने हेतु आह्वान किया और शुभकामनाएं दी। उन्होंने हॉकी अध्यक्ष श्री अंसारी की मांग पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हाईमास्क लाइट लगवाने की घोषणा की। नई जर्सी का अनावरण करते श्री यादव ने कहा कि जर्सी केवल टीम की पहचान नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना का प्रतीक है। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरी मेहनत और समर्पण के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में नीलम चंद जैन, भूषण साव, छोटेलाल रामटेके, महेंद्र सिंग ठाकुर, प्रिंस भाटिया, गुणवंत पटेल, अनुराज श्रीवास्तव, चेतन भानुशाली, राजिक सोलंकी, परमजीत सिंह, समृति देवी, शकील अहमद, किशोर धीवर, जिम्मी साहू, दिग्विजय श्रीवास्तव, दीपक यादव, तौफीक अहमद, प्रीतम प्रजापति, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

### 75 बालक-बालिका प्राप्त कर रहे प्रशिक्षण

छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने स्वागत भाषण में बताया शासन द्वारा खेलो इंडिया स्कीम के तहत खेलो इंडिया लघु केंद्र संचालित किया जा रहा है। जिसमें 75 बालक-बालिका प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शासन द्वारा हर वर्ष प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ी को कीट वितरण किया जाता है। जिसके तहत आज वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों की उपस्थिति में किट का वितरण किया जा रहा है। इसके पूर्व प्रातःकाल में बालिका वर्ग के जर्सी का अनावरण छग शासन राज्य युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि आज जिस जर्सी का अनावरण हुआ है, इसके रंग और डिजाइन में आपकी टीम का अनुशासन और जज्बा झलकता है, जब आप इस जर्सी को पहनकर मैदान में उतरेंगे, तो याद रखिएगा कि आप केवल अपना नहीं, बल्कि अपनी टीम और उन तमाम लोगों की उम्मीदों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो आप पर भरोसा करते हैं।

### प्रभावित पशुपालकों को बिजली कंपनी ने दी सहायता राशि



**खैरागढ़।** बिजली दुर्घटना से प्रभावित पशुपालकों को बिजली कंपनी ने सहायकता राशि का चेक वितरति किया। सुशासन तिहार दौरान पैलीमेटा वितरण केंद्र अंतर्गत आने वाले ग्राम जीराटोला में विद्युत करंट की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में सात मवेशियों की मृत्यु हो जाने पर प्रभावित पशुपालकों को विभाग के प्रमुख कार्यपालक निदेशक शिरीष सलेट व अधीक्षण अभियंता शक्केश्वर कंवर के मार्गदर्शन व निर्देश पर कार्यपालन अभियंता एके दुबे ने संबंधित पशुपालकों को चेक प्रदान दिया। विभाग द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में पीड़ित पशुपालकों को सांत्वना व सहयोग स्वरूप सहायता राशि दी गई। विभागीय अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों के प्रति पुश की असमायिक मौत पर संवेदना व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने आवश्यक सावधानी व सतत निगरानी बनाए रखने का आश्वासन दिया।

## रचना को साहित्यकारों ने सराहा

# शर्मा के छत्तीसगढ़ी उपन्यास का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया




राजधानी के न्यू सर्किट हाउस स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा आयोजित सम्मेलन के दौरान गंडई-कटंगी के साहित्यकार डॉ. कमलेश प्रसाद शर्मा द्वारा रचित छत्तीसगढ़ी उपन्यास बूंदा बिहतरी का विमोचन हुआ। विधायक अनुज शर्मा एवं अतिथियों ने उपन्यास का विमोचन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, छंद गुरु अरुण निगम, इतिहासवेत्ता रमेन्द्रनाथ मिश्रा, शशि दुबे एवं आयोग की सचिव अभिलाषा बेहार उपस्थित रही। साहित्य के प्रति डॉ. शर्मा के समर्पण को देखते हुए राजभाषा आयोग द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह, बस्तर आर्ट का गमछा एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

### अब तक 9 पुस्तकें प्रकाशित

छोटे से गांव का निवासी होने के बाद भी डॉ. कमलेश शर्मा बाबू ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा किसी क्षेत्र की मोहताज नहीं होती। छत्तीसगढ़ी भाषा को समृद्ध करने में उनका योगदान अतुलनीय है। बूंदा बिहतरी उनकी 9वीं कृति है। उन्हें एक कुशल छंद साधक के रूप में पहचान प्राप्त है। विमोचन के दौरान डॉ. पीसी लाल यादव, मीर अली मीर, चेतन भारती सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं की उमड़ी भीड़

# आर्थिक संकट से गुजर रहा है देश प्रधानमंत्री मोदी जिम्मेदार : भूपेश

## पूर्व सीएम ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला कांग्रेस कमेटी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश की आर्थिक स्थिति को लेकर निशाना साधा।

श्री बघेल ने कहा कि देश इस समय आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है और इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की समस्या, व्यापारियों की परेशानी, किसानों को खाद नहीं मिलना तथा रसोई गैस की किल्लत जैसी समस्याओं से आम जनता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि छोटे होटल, भोजनालय और चाय-खोमचे चलाने वाले गरीब लोगों का कामकाज प्रभावित हुआ है और व्यापारियों की हालत खराब हो गई है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों का जिक्र करते कहा कि ईरान भारत का पुराना हितैषी देश रहा है, लेकिन केंद्र सरकार की विदेश नीति देशहित में नहीं दिख रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की नीतियों के कारण देश लगातार कमजोर हो रहा है।



### जिलेभर से शामिल रहे कार्यकर्ता

कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मान समारोह में जिलेभर के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें राजा गिरिराज किशोर दास छोटे राजा, देवराज किशोर दास, शताक्षी सिंह, संजीव दुबे, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, गजेंद्र ठाकरे, संजय महोबिया, रामकुमार पटेल, मन्नू चंदेल, संदीप सिरमौर, अरुण भारद्वाज, तेजराम वर्मा, अरशद हुसैन, किसन रजक, आलोक यादव, निर्मला वर्मा, उत्तम सिंह ठाकुर, विजय वर्मा, मोहम्मद खान, दशमत जंघेल, मीरा चोपड़ा, संजू चंदेल, पंडित मिहिर झा, भीखम छाजेड़, आकाशदीप, गोल्डी सिंह, बिगेश यादव, रोहित सिंह, भीखम सिन्हा, पलास सिंह, सुबोध पांडे, चंद्रेश यादव, अनुसूया नागपुरे, रिंकू गुप्ता, सुशीलकांत पांडे, गेंदलाल कुर्रे, खेमेश्वरी वर्मा, पुणेद्र साहू, द्रौपदी वर्मा, संतोष यद्धु, दीपक वैष्णव, आशु खान, प्रकाश महोबिया, मनीष कोचर, संजू नेताम, चंद्रेश कुम्भकार, भीम महोबिया, लेख नारायण टांडेकर, इशू दुबे सहित जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारी, सेक्टर प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, किसान कांग्रेस के नेता, महिला कांग्रेस के नेता, गार्डन, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के नेता, जिलेभर से आए कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### किसान परेशान

जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने कहा कि जिले का किसान परेशान है और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को किसानों के साथ खड़े रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करना चाहिए। पूर्व खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों से किए गए वादों से पीछे हट रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव के लिए अभी से तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमलदास साहू ने स्वागत भाषण देते कहा कि जिलेभर के कार्यकर्ता लगातार सक्रियता के साथ संगठन को मजबूत करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारियों को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों नियुक्ति पत्र मिलना गौरव की बात है।

# विभिन्न मांगों को लेकर कंपनी के बाहर धरने पर बैठे मजदूर

## श्रम कानूनों का नहीं किया जा रहा पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के जोरातरई स्थित क्रेस्ट स्टील कंपनी में कार्यरत मजदूरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया है। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के बैनर तले कंपनी के बाहर गेट के सामने पंडाल लगाकर मजदूर अपनी मांगे पूरी करने आंदोलन कर रहे हैं।

जोरातरई स्थित क्रेस्ट स्टील कंपनी में लगभग 800 श्रमिक व कर्मचारी कार्यरत हैं। कंपनी पिछले 20 वर्षों से संचालित है। मजदूरों का आरोप है कि कंपनी द्वारा श्रम प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। मजदूरों को श्रेणी अनुसार वेतन नहीं दिया जा रहा है। प्रॉफिट के अनुसार 20 प्रतिशत की दर से बकाया बोनस भुगतान नहीं किया जा रहा है, ना ही वेतन में बढ़ोत्तरी हो रही है।

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के महासचिव पुनाराम साहू ने बताया कि इस संबंध में 8 माह पूर्व मांग पत्र कंपनी में दिया गया था। मांग पूरा नहीं किए जाने के कारण श्रम पदाधिकारी कार्यालय में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागडे द्वारा ज्ञापन दिया गया, लेकिन अभी तक समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ।



### कंपनी के बाहर धरना प्रदर्शन

आज सुबह लगभग 10 बजे मजदूरों ने यहां उत्पादन कार्य बंद कर दिया। यहां दूसरी पाली और रात्रि पाली के श्रमिकों ने कंपनी के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। धरने पर बैठे मजदूरों ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, वह नहीं उठेंगे। उन्होंने धरना स्थल पर ही अपने लिए पानी और भोजन की व्यवस्था की हुई है।

### मजदूरों के अधिकार की लड़ाई

इधर मजदूरों की मांगों के समर्थन में जोरातरई ग्राम पंचायत के सरपंच रमाकांत साहू तथा अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित हुए। उन्होंने मजदूरों द्वारा किए जा रहे मांगों का समर्थन किया। धरना स्थल पर पहुंचे प्रतिनिधियों ने कहा कि मजदूरों को उनका अधिकार मिलना ही चाहिए। मजदूर अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## पीईटी प्रवेश परीक्षा में 99 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट (पीईटी) की प्रवेश परीक्षा गुरुवार सुबह 10 से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की गई।

पीईटी परीक्षा के लिए जिले में 2 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, जहां, 460 परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था की गई थी। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय और कमलादेवी राठी महाविद्यालय में आयोजित इस परीक्षा में व्यावसायिक परीक्षा मंडल के नियम अनुसार सुबह 9.30 बजे परीक्षा केन्द्रों द्वारा बंद कर दिए गए। हालांकि इससे पहले परीक्षार्थी अपने केन्द्रों में पहुंच गए थे। इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिले के लिए आयोजित प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट परीक्षा में 460 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन करवाया हुआ था। वहीं परीक्षा में 361 परीक्षार्थी ही शामिल हुए और 99 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इधर जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों से समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील की थी। वहीं व्यापम के दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड एवं वैध फोटो पहचान पत्र की जांच उपरांत परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। इस दौरान परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, इयरफोन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को प्रतिबंधित किया गया था। परीक्षा के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा पर्यवेक्षक एवं एफएसटी टीमों की नियुक्त किया गया था। उक्त टीम द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

# राइस मिल में लगी आग, 26 घंटे बाद मशक्कत से बुझी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बुधवार दोपहर पार्रीकला स्थित सुरेश राइस मिल में लगी आग गुरुवार शाम तक जलती रही। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत करते लगभग 26 घंटे बाद राइस मिल में लगी आग बुझाई।

पार्रीकला स्थित सुरेश राइस मिल में बुधवार दोपहर लगभग ढाई बजे के करीब भीषण आगजनी हो गई। आगजनी की सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इस दौरान मिल में रखे खाली बारदाने से आग तेजी से फैल गई। वहीं मिल के भीतर रखा धान और चावल भी जलकर खाक हो गया। राईस मिल संचालक द्वारा बताया गया कि इस आगजनी में उन्हें लगभग डेढ़ करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचा है।

### अज्ञात कारण से लगी आग

राइस मिल में लगी आग का धुंआ दूर तक दिखाई दे रहा था। इस भयावह आग के चलते लोग सकते में आ गए थे। आग की तेज लपटों की वजह से मिल के भीतर घुसकर आग बुझाना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत से आग बुझाई। माना जा रहा है कि शॉर्ट-सर्किट के चलते आगजनी हुई होगी। बहरहाल पुलिस आगजनी के कारण की जांच कर रही है।

### देर रात तक उठती रही आग की लपटे

राइस मिल के भीतर लगी आग इतनी भयावह थी कि दोपहर से देर रात तक आग की लपटे उठती रही। इस दौरान लगभग 25 ट्रिप पानी टैंकर के माध्यम से आग बुझाने का प्रयास किया गया। वहीं शाम लगभग 4 बजे आग बुझाई जा सकी।

## एमसीएमसी समिति का किया गया गठन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने नगर पंचायत घुमका के आम निर्वाचन 2026 के जिला स्तरीय प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) का गठन किया है। समिति में जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव अध्यक्ष, संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक सदस्य सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार सचिन अग्रहरी को सदस्य बनाया गया है।

# ज्ञान भारतम मिशन के तहत संरक्षित हुई दुर्लभ पांडुलिपि

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा व सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को लेकर संचालित ज्ञान भारतम् मिशन अंतर्गत सेवानिवृत्त शिक्षक गोपाल दीक्षित से एक दुर्लभ महत्वपूर्ण पांडुलिपि संरक्षित की गई है। उक्त संरक्षित पांडुलिपि में घोड़ों से संबंधित पारंपरिक ज्ञान का विस्तृत उल्लेख मिलता है।



इसमें घोड़ों की विभिन्न नस्लों, उनके पालन-पोषण, प्रशिक्षण, देखभाल, उपयोगिता व पारंपरिक उपचार पद्धतियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां संकलित हैं। यह पांडुलिपि भारतीय लोक ज्ञान, पशुपालन परंपरा व सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण दस्तावेज मानी जा रही है।

गौरतलब है कि ज्ञान भारतम मिशन के माध्यम से जिले में प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों, दुर्लभ पांडुलिपियों व ऐतिहासिक दस्तावेजों के संरक्षण और डिजिटलीकरण का कार्य किया जा रहा है, ताकि भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा को सुरक्षित रख आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके। इस दौरान उपस्थित एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने कहा कि पांडुलिपियां हमारी ऐतिहासिक व सांस्कृतिक चेतना की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण से न केवल हमारी परंपरागत ज्ञान प्रणाली सुरक्षित होगी, बल्कि शोध एवं अध्ययन के क्षेत्र में भी नई संभावनाएं विकसित होंगी।

# एचपीवी टीकाकरण करवा किशोरियों ने बढ़ाया स्वास्थ्य सुरक्षा की ओर कदम

- स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति बेटियां जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सिविल अस्पताल खैरागढ़ में 10 किशोरियों ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर एचपीवी वैक्सीन लगवाकर स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में सकारात्मक पहल की। टीकाकरण के दौरान अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर बेटियों के स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति जागरूकता दिखाई।

विभाग ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में शामिल है, जिसका मुख्य कारण एचपीवी संक्रमण होता है। किशोरावस्था में लगाया गया टीका भविष्य में इस गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करता है। यह वैक्सीन सुरक्षित, प्रभावी व वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा मितानिनों, एएनएम और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर संपर्क कर किशोरियों एवं उनके परिवारों को एचपीवी टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे पात्र आयु वर्ग की बेटियों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और अस्पतालों में ले जाकर एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं ताकि उन्हें सुरक्षित व स्वस्थ भविष्य मिल सके।



# जर्जर पुलिया के स्थान पर बनेगा नया उच्च स्तरीय पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के जक्के से घोड़ागांव मार्ग स्थित नाला पर वर्षों पुरानी एवं क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर अब नया उच्च स्तरीय पुल बनाया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग राजनांदगांव द्वारा इस संबंध में जानकारी देते बताया गया कि पुल निर्माण हेतु शासन स्तर पर आवश्यक स्वीकृतियां प्रदान कर दी गई है।

लोक निर्माण विभाग के अनुसार उक्त पुल का निर्माण लगभग दस वर्ष पूर्व वन विभाग द्वारा कराया गया था, जो समय के साथ क्षतिग्रस्त हो गया था। हाल ही में पुलिया से संबंधित दुर्घटना में मौत का हरिभूमि में समाचार प्रकाशन के बाद विभाग ने स्थिति स्पष्ट करते बताया कि नए पुल निर्माण का प्रस्ताव पूर्व में ही शासन को भेजा जा चुका था।

### कई मौतों के बाद जागा प्रशासन

विभागीय जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 के बजट में इस कार्य को शामिल किया गया है। शासन द्वारा 29 सितंबर 2025 को 269.94 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके पश्चात मुख्य अभियंता द्वारा 269 लाख रुपए की तकनीकी स्वीकृति भी जारी की जा चुकी है। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि वर्तमान में निविदा प्रक्रिया प्रचलन में है। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत उक्त स्थल पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। जिससे क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

## हजारों संविदा कर्मचारियों ने वर्तमान सरकार को दिया था समर्थन

# सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ ने सौंपा जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत को अनुशंसा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ पदाधिकारियो ने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी अंतर्गत संविदा कर्मचारियों से किए गए वादों को पूरा करने शासन से अनुशंसा बाबत ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान संघ के उपेंद्र वर्मा, ईश्वर मंडावी, पद्मा धुर्वे, एलएन सोनी, तोमश साहू सहित अन्य ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के अंतर्गत संविदा कर्मचारियों से संविदा कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा, नियमितीकरण और सामाजिक-आर्थिक स्थिरता जैसी समस्याओं के निराकरण का वादा किया गया था। प्रदेश के हजारों संविदा कर्मचारियों ने इन्हीं आश्वासनों पर विश्वास करते हुए वर्तमान सरकार को अपना समर्थन प्रदान किया था। विपक्ष में रहते हुए भाजपा के डॉ. रमन सिंह, अरुण साव, ओपी चौधरी, विजय शर्मा, केदार कश्यप ने महासंघ के मंच पर उपस्थित होकर हमारे आंदोलन को समर्थन प्रदान कर मांगों को न्यायोचित बताते हुए सत्ता में आने पर पूरा करने का आश्वासन दिया था।



### वादों को पूरा करें सरकार

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को उन्होंने बताया कि नियमितीकरण की दिशा में ठोस नीति बनाना संभव व व्यावहारिक है। प्रदेश के संविदा कर्मचारी भी इसी प्रकार की स्थिरता, सम्मान व सुरक्षा की अपेक्षा साथ विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में किए वादों को पूरा कर नियमितीकरण की पहल शुरू करने, गठित समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक कर उस पर त्वरित निर्णय लेने, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण व सेवा सुरक्षा को लेकर स्पष्ट नीति बनाने सहित अन्य राज्यों की तर्ज पर ठोस व समयबद्ध कारवाई सुनिश्चित करने की मांग सहित अनुशंसा पत्र सौपा।

### पड़ोसी प्रदेशों में मिल रही सुविधा

डबल इंजन की सरकार ने मार्च 24 में संविदा कर्मचारियों की समस्या समाधान को लेकर उच्च स्तरीय समिति का गठन किया, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी समिति का कोई ठोस व परिणाममूलक निर्णय सामने नहीं आया है, जिसके चलते प्रदेश के संविदा कर्मचारियों में निराशा व असंतोष की स्थिति निर्मित हो रही है। उन्होंने मध्य प्रदेश का उदाहरण देते हुए बताया कि वहाॅ 62 वर्ष तक की नौकरी सुरक्षा, अनुकम्पा नियुक्ति की व्यवस्था, समान कार्य के लिए समान वेतन, नियमित पदों में संविदा कर्मियों के लिए पचास फीसदी आरक्षण, नई पेंशन योजना का लाभ, समकक्षता का निर्धारण, चिकित्सा सहित अन्य अवकाश के अलावा दस साल की सेवावधि पूरा कर चुके संविदा कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से नियमित करने का निर्णय लिया गया है इसी प्रकार राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा मे भी संविदा कर्मियों के लिए वेतन संरचना व सेवा शर्तों में सुधार करते हुए स्थिरता प्रदान करने का प्रयास किया गया है।

# पीएम मोदी के जैविक खेती संदेश का मनोहर गौशाला ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम कर जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील का मनोहर गौशाला ने स्वागत किया है। मनोहर गौशाला के प्रबंध ट्रस्टी अखिल जैन ने कहा कि संस्था पिछले करीब 15 सालों से गौ आधारित प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि गौमूत्र और पारंपरिक भारतीय ज्ञान पर आधारित फसल अमृत और गोबर से तैयार ऑर्गेनिक गोल्ड जैसे उत्पाद किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गौशाला की ओर से किसानों को प्राकृतिक कृषि का प्रशिक्षण, गौ आधारित उत्पादों का निशुल्क वितरण और जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा हैं। अखिल जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश केवल खेती तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भूमि, पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा से जुड़ा अभियान है। उन्होंने कहा कि इससे देश में जैविक खेती आंदोलन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि भारत की प्राचीन गौ आधारित कृषि परंपरा भविष्य में टिकाऊ और स्वस्थ खेती का मार्ग दिखा सकती है।

### अंतर्राष्ट्रीय शोध मंच पर मिली जगह

धरमपुरा वार्ड स्थित गौशाला के गौ आधारित अनुसंधान व प्राकृतिक कृषि संबंधी कार्यों को अंतरराष्ट्रीय शोध मंच तक पहुंच मिली है। गौ विज्ञान, प्राकृतिक कृषि और भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर आधारित पुस्तकगाय एक अनुसंधान अब रिसर्च गेट पर उपलब्ध है। इससे गौ आधारित अध्ययन व प्राकृतिक खेती से जुड़ा कार्य वैश्विक शोध समुदाय तक पहुंच सकेंगा। डॉ. अखिल जैन ने बताया कि गौ सेवा केवल आस्था का विषय ही नहीं, बल्कि कृषि, पर्यावरण, स्वास्थ्य और ग्रामीण आत्मनिर्भरता से जुड़े अध्ययन एवं प्रयोगों का भी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इसी उद्देश्य से गौ आधारित उत्पादों, जैविक खेती और प्राकृतिक कृषि पर लंबे समय से कार्य एवं प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गौशाला द्वारा फसल अमृत, मनोहर ऑर्गेनिक गोल्ड, गोबर आधारित उत्पादों व प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण जैसे प्रयासों के माध्यम से किसानों और समाज को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। पुस्तक के रिसर्चगेट पर उपलब्धता को पूरे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इससे गौ विज्ञान व भारतीय ज्ञान परंपरा व्यापक शोध समुदाय तक पहुंच पाएगी।

## सार समाचार

### जिले को मिला पहला जेडईडी गोल्ड सर्टिफिकेशन

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी की प्रतिष्ठित संस्था एसके इंडस्ट्रीज को भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) द्वारा जेडईडी स्वर्ण प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि जिले के उद्योग क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। यह प्रमाणपत्र एमएसएमई सतत (जेडईडी) प्रमाणन योजना के अंतर्गत प्रदान किया गया है, जो उद्योगों में गुणवत्ता, पर्यावरण संरक्षण एवं आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देता है। इस उपलब्धि को प्राप्त करने में सौरभ कुमार पांडेय जो कि एमएसएमई जेडईडी फैसिलिटेटर है, का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। उनके प्रयासों से उद्योग को यह महत्वपूर्ण प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।



### कबीर चौक प्रवेश द्वार निर्माण की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** अग्रवाल ट्रांसपोर्ट जीई रोड़ में सद्गुरू कबीर चौक में कबीर चौक प्रवेश द्वार निर्माण के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कबीर मठ नादिया के कार्यक्रम में जिला कबीर पंथ समाज द्वारा कबीर चौक राजनांदगांव में भव्य प्रवेश द्वार निर्माण के लिए मांग रखी गई थी। जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री ने उक्त कार्यक्रम में शीघ्र ही मंच के माध्यम से किया गया था। उक्त जानकारी देते समिति के अध्यक्ष हरीश साहू एवं उपाध्यक्ष भगवानी साहू ने बताया कि उसकी स्वीकृति पत्र 12 मई 2026 को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में महापौर मधुसूदन यादव एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के माध्यम से जिला कबीर पंथ समाज को प्रवेश द्वार निर्माण के लिए 40 लाख रुपए स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

उक्त स्वीकृति से जिला कबीर पंथ समाज एवं समस्त कबीर पंथ परिवार के द्वारा मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, महापौर एवं पूर्व सांसद को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।




### कर्मकार समाज भूषण अवार्ड से आस सम्मानित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के संत शिरोमणि विदास एवं दयावान प्रेणेता आसकुमार कन्नौजे को सामाजिक क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने तथा सामाजिक एवं मानवीय जीवन कल्याण के लिए किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए नागपुर महाराष्ट्र में "कर्मकार समाज भूषण अवार्ड" से सम्मानित किया गया है। उक्त जानकारी पीएमश्री स्कूल अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी ने दी।



## सुशासन तिहार: 1 हजार से ज्यादा आवेदनों का निराकरण

# 10 दिन में मिले 4908 आवेदन में 130 शिकायतें, मांग की सर्वाधिक अर्जियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भीषण गर्मी में चल रहे सुशासन तिहार हाल के शिविरों में पिछले दस दिनों के भीतर प्रशासन को 4908 आवेदन मिले हैं। जिसमें शिकायतों के जहां सिर्फ 130 आवेदन है। वहीं गांव और शहरों से 4778 आवेदन मांग से संबधित है। शिविर में मिल रहे आवेदनों में अभी तक एक हजार से ज्यादा का निराकरण भी हो गया है। सुशासन तिहार के शिविरों में उमड़ रही ग्रामीणों को कई योजनाओं से जोड़ने का काम भी चल रहा है।

पिछले एक मई से शुरू हुए सुशासन तिहार में भीषण गर्मी के बाद भी ग्रामीणों का अच्छा खासा रिस्पांस दिखाई दे रहा है। प्रशासन द्वारा कलस्टर तैयार कर गांव और शहरों में लगाए जा रहे शिविरों के जरिये पिछले दस दिनों में 4908 आवेदन मिले हैं। जिसमें मांग के 4778 तथा शिकायतों के 130 है। अभी तक 1008 मांग और एक शिकायत का आवेदन का निराकरण हुआ है। वहीं 3770 मांग और 129 शिकायतों के आवेदन शेष हैं। सुशासन तिहार में सर्वाधिक आवेदन छुरिया और राजनांदगांव ब्लॉक से सामने आए हैं।

### गर्मी में छूट रहे पसीने



मई माह में भीषण गर्मी के बीच सुशासन तिहार का आयोजन किए जाने से प्रशासनिक अफसरों से लेकर ग्रामीणों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। गर्मी के बीच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं।

### डोंगरगढ़ नगर पालिका से शिकायतें ज्यादा

सुशासन तिहार में पिछले दस दिनों में लगे शिविरों में नगर पालिका डोंगरगढ़ से लोगों को सर्वाधिक शिकायतें है। यहां शिकायतों के अभी तक 44 आवेदन आ चुके हैं। वहीं नगर निगम राजनांदगांव के 198 तथा डोंगरगढ़ नगर पंचायत में 12 आवेदन शिकायतों के मिले हैं। नगरीय निकायों में अभी तक 474 आवेदन मांग तथा 96 आवेदन शिकायतों के मिले हैं। दस दिनों में निकायों के 570 आवेदन मिले हैं। निकायों के एक भी आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ है।

### पंचायतों में मांग के आवेदन सर्वाधिक

सुशासन तिहार में अभी तक सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में मिले हैं। जिसमें मांग से संबंधित 1796 तथा शिकायतों के 19 आवेदन मिले हैं। वहीं खाद्य विभाग से संबंधित 474 और समाज कल्याण विभाग के 143 आवेदन मिले हैं। शिविर में राजस्व विभाग के 511, स्वास्थ विभाग के 55, जलसंसाधन विभाग के 83, पीडब्ल्यूडी के 51 और पीएचई के 94 आवेदन प्राप्त हुए हैं। विद्युत विभाग के 177, पुलिस विभाग के 5, सहकारिता विभाग के 66, वन विभाग के 48, श्रम विभाग के 45 आवेदन मिले हैं।

## वादा करके भूल गई सरकार

# नक्सल पीड़ितों का फूटा गुस्सा, 21 को आईजी दफ्तर घेरने की चेतावनी

- जान बचाकर भागे परिवार आज भी बेघर-बेसहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल पुनर्वास नीति-2025 कागजों तक ही सीमित रह गई है। मानपुर और राजनांदगांव के नक्सल हिंसा से उजड़े परिवारों ने आरोप लगाया है कि सरकार ने वादा तो बड़े-बड़े किए, लेकिन जमीन पर एक भी पीड़ित को राहत नहीं मिली।

आक्रोशित परिवारों ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते 21 मई 2026 को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सामने परिवार सहित अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी है। पीड़ितों ने आईजी को दिए आवेदन में कहा कि नक्सलियों ने उनके पिता, भाई और पतियों को पुलिस का मुखबीर बताकर सरेआम मौत के घाट उतार दिया। जान बचाकर भागे परिवार आज भी बेघर-बेसहारा हैं।

### मांगते-मांगते थक गए, अब जवाब मांगेंगे

परिवारों का कहना है कि पुनर्वास नीति में शासकीय नौकरी, 3 लाख की केंद्रीय सहायता, आवासीय जमीन और बच्चों की छात्रवृत्ति का वादा किया गया था, लेकिन कलेक्टर और एसपी के चक्कर काटते-काटते साल बीत गए, फाइलें धूल फांक रही है और पीड़ितों के हाथ खाली हैं।

### खुलकर रखी ये चार मांगें

नौकरी नहीं तो जवाब दो, 3 लाख की राशि तुरंत जारी हो, घर के लिए जमीन दो एवं बच्चों का भविष्य मत बिगाड़ो को लेकर धीरेन्द्र कुमार साहू सहित दर्जनों पीड़ितों ने कहा है कि 14 मई 2025 को दिया गया आवेदन अगर 21 मई 2026 तक अनसुना रहा, तो परिवार सहित आईजी दफ्तर के सामने डेरा डालेंगे। धरने के दौरान हुई किसी भी स्थिति की जिम्मेदारी सीधे शासन-प्रशासन की होगी।

## शत्रुघन राजपूत की कृति 'आखर वंदन' का रायपुर में विमोचन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग नवा रायपुर द्वारा 11 मई को सिविल लाइन रायपुर स्थित न्यू-कान्फ्रेंस हाल सर्किट हाउस में जिला स्तरीय साहित्यकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के करीब 200 साहित्यकारों ने भाग लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार शत्रुघन सिंह राजपूत की छत्तीसगढ़ी कृति आखर वंदन (अक्षर-वंदना) का लोकार्पण किया गया। अतिथियों ने श्री राजपूत का राजकीय गमछा, प्रतीक चिन्ह और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।



उक्त अवसर पर रायपुर उत्तर के विधायक एवं पूर्व सांसद सुनील सोनी, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, सचिव अभिलाषा बेहार, साहित्यकार आयोग अरुण निगम, मीर अली मीर, शशि दुबे, डॉ. महेन्द्र ठाकुर, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, डॉ. रमेन्द्र मिश्र आदि उपस्थित थे। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के अन्य सात साहित्यकारों की रचनाओं का भी लोकार्पण किया गया।

## मिली खामियों के बाद एक्शन, डॉ. तेजेन्द्र को सोमनी सीएचसी का अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन द्वारा आदेश जारी कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोमनी का प्रभार अब सुरगी सीएचसी के प्रभारी डॉ. तेजेंद्र वर्मा को दे दिया गया है।

ज्ञात हो कि बुधवार को ही औचक निरीक्षण के दौरान इस सीएचसी में कई खामियां देखने को मिली थी। जिसके बाद यह एक्शन लिया गया है।

ज्ञात हो कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी का बुधवार को औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान संस्था की व्यवस्थाओं का जायजा लेते उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की समीक्षा की थी। निरीक्षण के दौरान संस्था प्रभारी डॉ. अंकिता गोस्वामी द्वारा ड्यूटी रोस्टर का डिस्प्ले नहीं कराया जाना पाया गया था।

इसके अलावा उपस्थिति जांच के दौरान पीजीएमओ डॉ. गरिमा अग्रवाल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनामिका शर्मा, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. आईशा गाजी तथा स्टॉफ नर्स चित्ररेखा कार्य से अनुपस्थित पाई गई। वहीं फार्मासिस्ट नेहा परवीन लंबे समय से बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर होना पाया गया।

सीएमएचओ ने संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा मई माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए थे।






## अनदेखी: कोलेगांव-हथमुड़ी मार्ग में गुणवत्ताविहीन साइड शोल्डर डालने का आरोप

# प्रधानमंत्री सड़क पर पीली मिट्टी बनी हादसे की वजह, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क पर साइड शोल्डर में गुणवत्ता विहीन पीली चिकनी मिट्टी डाले जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सड़क किनारे डाली गई मिट्टी फिसलन भरी होने के कारण लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के दोनों किनारों पर साइड शोल्डर निर्माण के नाम पर ऐसी मिट्टी डाली गई है, जो हल्की बारिश या नमी में बेहद चिकनी हो जाती है। दोपहिया वाहन का टायर जैसे ही सड़क किनारे उतरता है, वाहन अनियंत्रित होकर फिसल जाता है। इसके बावजूद अब तक न तो संबंधित विभाग द्वारा जांच कराई गई और न ही सुधार कार्य शुरू किया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग कबीरधाम और बिलासपुर जिले को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां सुबह से देर रात तक भारी वाहनों और दोपहिया वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। ऐसे में खराब साइड शोल्डर आने वाले बरसात के मौसम में और खतरनाक साबित हो सकते हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गुणवत्ता पूर्ण मटेरियल से साइड शोल्डर का निर्माण नहीं कराया गया तो आगे और बड़े हादसे हो सकते हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि बरसात शुरू होने से पहले सड़क किनारे डाली गई खराब मिट्टी को हटाकर गुणवत्ता पूर्ण सामग्री डाली जाए तथा पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए।

### दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान



ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सड़क किनारे डाली गई पीली मिट्टी हल्की बारिश के बाद पूरी तरह दलदल और फिसलन में बदल जाती है। इससे सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। कई बार वाहन चालक संतुलन खोकर गिर चुके हैं। लोगों ने बताया कि हाल ही में हुई दुर्घटनाओं के पीछे भी यही फिसलन बड़ी वजह है।

### हर दिन हजारों वाहनों की आवाजाही

कोलेगांव-हथमुड़ी सड़क क्षेत्र की प्रमुख सड़कों में शामिल है, जो सीधे कबीरधाम और बिलासपुर जिले को जोड़ती है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बरसात से पहले सड़क के साइड शोल्डर को दुरुस्त नहीं किया गया तो दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाएगा। कबीरधाम और बिलासपुर जिले को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां सुबह से देर रात तक छोटे-बड़े, सवारी व दोपहिया और भारी वाहनों की आवाजाही लगी रहती है।

# खरीफ फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ने से गांवों में बढ़ेगी खुशहाली: भुवनेश्वर

- किसानों की समृद्धि की मजबूत नींव रख रही मोदी सरकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में की गई बढ़ोतरी को लेकर किसानों के बीच नई उम्मीद और उत्साह का माहौल बन गया है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश्वर चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के इस फैसले को किसानों की आय बढ़ाने वाला ऐतिहासिक निर्णय बताया है।

उन्होंने कहा कि यह केवल फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि नहीं, बल्कि खेतों में पसीना बहाने वाले अन्नदाताओं के सम्मान और उनके भविष्य को सुरक्षित करने का बड़ा संकल्प है। भुवनेश्वर चंद्राकर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रीमंडल की बैठक में विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 प्रमुख खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दी गई है। सरकार का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित दाम दिलाना और खेती को अधिक लाभकारी बनाना है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती खेती लागत के बीच यह फैसला किसानों को आर्थिक मजबूती देने वाला साबित होगा। उन्होने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित केंद्रीय मंत्रीमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के इन फैसलों से किसानों में नया विश्वास पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ये निर्णय खेती को अधिक लाभकारी बनाने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करेंगे। भुवनेश्वर चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस खरीफ सत्र में लगभग 824.41 लाख मीट्रिक टन फसलों की खरीदी का लक्ष्य रखा है। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और उन्हें उचित मूल्य मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार किसानों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। किसान सम्मान निधि योजना, सिंचाई योजनाएं और समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी जैसे निर्णय किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। सरकार का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित दाम दिलाना और खेती को अधिक लाभकारी बनाना है।

### धान से तिलहन तक हर किसान को मिलेगा फायदा

उन्होंने बताया कि सरकार ने धान, दलहन, तिलहन और कपास सहित 14 प्रमुख खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की है। इसके साथ ही सरकार ने इन फसलों की खरीदी के लिए लगभग 2.60 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का अनुमान तय किया है। यह निर्णय किसानों को बाजार की अनिश्चितता से राहत दिलाने और उनकी उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### गन्ना किसानों के लिए भी बड़ा फैसला

उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रीमंडल द्वारा 2026-27 सत्र के लिए गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य 365 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाना भी किसानों के हित में बड़ा निर्णय है। इससे गन्ना उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### चखना सेंटरों में बढ़ रहा हुड़दंग, लोग परेशान

**कवर्धा।** जिले की सरकारी शराब दुकानों के आसपास संचालित चखना सेंटरों में खुलेआम बैठकर शराब सेवन किया जा रहा है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों और राहगीरों को भारी दिक्कते व परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम होते ही इन स्थानों पर शराबियों की भीड़ जुटने लगती है और कई लोगा नशे की हालत में हुड़दंग, शोर-शराबा और विवाद करते नजर आते हैं। इनके खिलाफ शासन प्रशासन को सख्त कार्रवाई की जरूरी है ताकि आम लोगों व राहगीरों को सुविधा व राहत मिल सकें। साथ ही साथ नशे की हालत में हुड़दंग, शोर-शराबा और विवाद तथा आसामाजिक तत्वों के ऊपर कार्रवाही की जाए।

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. अ/20 (4) वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दुर्गेश कुमार अवस्थी पिता सुशील अवस्थी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने नजूल नगर कवर्धा स्थित भूमि खसरा नंबर 318/56 क्षेत्रफल 0.0090 हे. जो कि आवेदक दुर्गेश कुमार अवस्थी पिता सुशील अवस्थी के नाम पर भूमि स्वामी के रूप में अभिलेख में दर्ज है। जिसमें से आवेदक के द्वारा क्षेत्रफल 53.69 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है। आवेदन पत्र के साथ भूमि का खसरा व नक्शा और प्रस्तावित मकान का साईड प्लान मय ईश्तहार का शुल्क सहित संलग्न किया गया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 28/05/2026 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 11/05/2026 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक - 11.05.2026
पेशी दिनांक - 28.05.2026

मुहर

नजूल अधिकारी
कबीरधाम

# सीबीएसई 12वीं में अभ्युदय स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन, बढ़ाया जिले का गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा





सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम-2026 में अभ्युदय स्कूल कवर्धा ने एक बार फिर शानदार सफलता हासिल करते हुए जिले में अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखा है। विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। निरंतर गुणवत्ता आधारित शिक्षा, अनुशासित वातावरण तथा अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम इस वर्ष भी शानदार उपलब्धियों के रूप में सामने आया है।

जिसमें बुधवार को घोषित सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 95.24 प्रतिशत रहा। इस वर्ष कुल 42 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 40 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंकों के साथ यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण, सतत अभ्यास एवं सही मार्गदर्शन सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। विज्ञान संकाय में कुल 16 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 14 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त करते हुए 87.5 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया।

जिसमें विज्ञान संकाय में भावेश अग्रवाल 90.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ताशी सिंह शर्मा 89.2 द्वितीय, रिजक गुम्बर 87.2 तृतीय तथा अविका दुबे 87.0 ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं विशेष उपलब्धि के अंतर्गत ताशी सिंह शर्मा, रिजक गुम्बर एवं अविका दुबे ने स्कल्पचर विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। साथ ही वाणिज्य संकाय में विद्यालय ने शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज करते हुए शानदार उपलब्धि हासिल की। कुल 26 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी तथा सभी 26 विद्यार्थी सफल रहे। वाणिज्य संकाय में सिद्धांत चंद्रवंशी 88.8 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रथम जैन 83.4 ने द्वितीय, श्रेयश शर्मा 83.2 ने तृतीय तथा दक्ष जैन 83.0 ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में 7 विद्यार्थियों ने 80 से अधिक अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### विद्यालय का नाम किया गौरवान्वित

प्राचार्य तोरण साहू ने सभी सफल विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025-26 में अभ्युदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। साथ ही अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अभ्युदय विद्यालय का यह उत्कृष्ट परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के प्रभावी मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतीक है।

### भाजपा मंडल पंडरिया की बैठक संपन्न, संगठन को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

**पंडरिया।** भाजपा मंडल पंडरिया अंतर्गत मंझोली शक्ति केंद्र में गुरुवार को संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा मंडल को आत्मनिर्भर बनाने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक प्रदेश भाजपा के निर्देश एवं जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र प्रभारी चंद्र कुमार सोनी, संयोजक शिवचरित्र सिंह ठाकुर और सह संयोजक हरि साहू की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में मंडल कार्यकारिणी सदस्य, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# जनता की समस्याओं का समाधान ही हमारी प्राथमिकताः भावना बोहरा

## सुशासन तिहार बना जनसंवाद का माध्यम, समाधान शिविर में उमड़ी भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की जनता के समस्याओं का निराकरण कर उन तक शासन की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की दिशा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश स्तर पर सुशासन तिहार के तहत सरकार जनता के द्वार पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कर रही है।

इसी कड़ी में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ग्राम पंचायत रणवीरपुर एवं घुटुरकुण्डी में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुईं और बड़ी संख्या में उपस्थित जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और उपस्थित विभाग के अधिकारियों को तत्काल समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आगे कहा कि जनसेवा ही हमारा संकल्प है, और जनता की समस्याओं का समाधान ही हमारी प्राथमिकता है तथा सुशासन तिहार, जनसमस्याओं के समाधान हेतु भाजपा सरकार की इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायी पहल एवं डबल इंजन सरकार के सतत प्रयासों से आज प्रदेश की माताएं-बहनें आर्थिक रूप से सशक्त बन रही है। किसानों को प्रोत्साहन मिलने से वे कृषि के क्षेत्र में आधुनिकता से जुड़ रहें हैं और आत्मनिर्भर बन रहें हैं, प्रदेश के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर मिल रहें हैं जिससे वे अपने उज्वल भविष्य की ओर निरन्तर अग्रसर हो रहें हैं।

छत्तीसगढ़ और हमारा पंडरिया विधानसभा भी विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। एक वक्त था जब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में पंडरिया को उपेक्षित रखा गया, लेकिन आज डबल इंजन भाजपा सरकार में हमारा पंडरिया विधानसभा निरंतर समृद्धि की ओर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान भावना बोहरा ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को राशन कार्ड, ट्राइसायकल व लखपति दीदियों को चेक तथा प्रशस्ति पत्र का वितरण कर उन्हें बधाई दी और इन योजनाओं से उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को जाना और जनता से संवाद किया। इस अवसर पर अधिकारी पदाधिकारी व भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, सभी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

### जनता के द्वार पहुंच रही सरकार

विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में सुशासन तिहार प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य आयोजित किया किया गया है जो जनसुविधाओं के विस्तार व जनता के समस्याओं के समाधान में सार्थक भूमिका निभा रहा है। आज सरकार स्वयं जनता के गांव और द्वार जाकर उनकी अपेक्षाओं को सुन रही है, समस्याओं का समाधान कर रही है और शासन की योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचा रही है। हमारी सरकार, शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जन-हितैषी प्रशासन की स्थापना हेतु कटिबद्ध है। इस तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे आम जनता से जुड़कर, उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य कर रही है। हमारी सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार काम कर रही है। शासन-प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता आए, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो यही हमारा लक्ष्य है।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 31 जुलाई तक नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रतिवर्ष भारत के राष्ट्रपति द्वारा उन बच्चों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया है। नामांकन प्रक्रिया 31 जुलाई तक जारी रहेगी। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने व देश का गौरव बढ़ाने पर दिया जाएगा जो कि प्रक्रिया 31 जुलाई तक जारी रहेगी।

# एनएसयूआई ने नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में प्रदर्शन कर किया पुतला दहन

- परीक्षा की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर गुरुवार को कवर्धा में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने उग्र प्रदर्शन किया। सिग्नल चौक स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला दहन किया। इसके बाद कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व पंडरिया विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत चन्द्रवंशी और बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश जायसवाल ने किया। छात्र नेताओं ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होना देश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों का विश्वास लगातार टूट रहा है। देवव्रत चन्द्रवंशी ने कहा कि यदि परीक्षा की पवित्रता भंग हुई है तो दोषियों को कठोर दंड मिलना चाहिए और प्रभावित विद्यार्थियों को न्याय मिलना चाहिए।

## शालेय बेसबॉल सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया

# 9 खिलाड़ियों को 1.48 हजार का प्रोत्साहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 69वीं शालेय राष्ट्रीय बेसबॉल एवं सॉफ्टबॉल खेल में नगर में संचालित प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से नौ खिलाड़ियों को शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक लगाने के उपलक्ष्य पर 1 लाख 48 हजार रुपए का चेक जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, उपसंचालक महेंद्र गुप्ता, जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप ग्वालिकर, व्यायाम शिक्षक दिनेश साहू एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा गुरूवार को डीईओ कार्यालय में वितरण किया गया।

जिससे सभी खिलाड़ी उत्साहित हुए साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित किए, वही लगातार 13 वर्षों से कबीरधाम जिले में बेसबॉल सॉफ्टबॉल खेल के खिलाड़ियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगितायो में पदक लगाकर प्रदेश व कबीरधाम जिले का नाम रौशन करते आ रहे है। इस सत्र में भी पूरे जिले में सिर्फ बेसबॉल सॉफ्टबॉल खेल में पदक लगा है, जो बहुत ही गौरव का क्षण है।

वहीं अकेडमी के नौ खिलाड़ियों को 1 लाख 48 हजार रुपए का प्रोत्साहन राशि मिलने के उपलक्ष्य पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एकेडमी के अध्यक्ष गणेश तिवारी, संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, निज सहायक गजराज सिंह ठाकुर, नरेंद्र मानिकपुरी, पार्षद दीपक सिन्हा, अशोका स्कूल संचालक पवन देवांगन, वरिष्ठ समाजसेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई दी।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर मिली सफलता

एकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि सत्र 2025-26 में शालेय राष्ट्रीय बेसबॉल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में कुल 14 खिलाड़ियों का चयन हुआ था, जिसमें सॉफ्टबॉल जुनियर वर्ग में सोहम सिंह, शुभम सेन, पूजा चंद्रवंशी का स्वर्ण पदक लगा था, वही सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग में श्रवण सिंह राजपूत का रजत पदक, विनीता यादव का कांस्य पदक लगा इसके साथ ही बेसबॉल सीनियर वर्ग में कृष सिन्हा,हिमेश दास मानिकपुरी, वैदेही सिन्हा का रजत पदक, जूनियर वर्ग में लक्ष्य लांझी, चंद्रेश कोर्राम का रजत पदक एवं मिनी वर्ग में तान्या सिन्हा, दीक्षांत यादव और मयंक टंडन का रजत पदक कुल 13 पदक इस सत्र में लगाया गया है जिसमें 3 स्वर्ण, 9 रजत एवं 01 कांस्य पदक प्राप्त किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अनदेखी: वन क्षेत्र तक रेत माफियाओं का जाल, शिकायतों के बाद कार्यवाही शून्य

# पंडरिया-बोड़ला ब्लाक के नदी नालों में धड़ल्ले से चल रहा अवैध रेत उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के पंडरिया और बोड़ला विकासखण्ड में इन दिनों अवैध रेत खनन का कारोबार खुलेआम फलफूल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना और ग्रामीण निर्माण कार्यों के चलते बढ़ी रेत की मांग का फायदा उठाकर रेत माफिया स्थानीय नदी-नालों से बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन कर रहे हैं। हालत यह है कि वनपरिक्षेत्र और राजस्व क्षेत्र की नदियों तक में जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रालियों के जरिए दिनभर रेत निकाली जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई के नाम पर पूरी तरह निष्क्रिय नजर आ रहे हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम रेंगाखार जंगल और अंधरी कछार की नदियों से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में रेत निकाली जा रही है। यहां से ट्रैक्टर ट्रालियों के माध्यम से आसपास के गांवों और बाजारों तक रेत की सप्लाई की जा रही है। इसके अलावा बोड़ला क्षेत्र के अन्य कई नदी-नालों में भी अवैध खनन लगातार जारी है। इसी तरह पंडरिया विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्रों में भी रेत माफियाओं की सक्रियता बढ़ गई है। ग्राम उपका की हाफ नदी, भैंदादादर, कुई, कुकदुर, पोलमी, पुटपुटा, कामठी की आगर नदी, कन्हैया नदी, बांगर, अमनिया और नेउर सहित कई गांवों के नदी-नालों से खुलेआम रेत निकाली जा रही है। बताया जा रहा है कि अधिकांश स्थान वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, इसके बावजूद वन विभाग और खनिज विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### पर्यावरणीय संतुलन पर मंडरा रहा है खतरा



लगातार हो रहे अवैध उत्खनन से स्थानीय नदी-नालों का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि दिनभर नदी किनारों पर जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर ट्रालियां खड़ी रहती हैं। मशीनों से रेत निकालकर वाहनों में भरकर आसपास के क्षेत्रों में भेजा जाता है। इससे नदी की गहराई बढ़ रही है और पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि अवैध रेत परिवहन करने वाले वाहन वन विभाग के बैरियरों से बेखौफ होकर गुजरते हैं, लेकिन उन्हें रोकने या जांचने की जहमत तक नहीं उठाई जाती। वहीं खनिज विभाग की टीम क्षेत्र में शायद ही कभी नजर आती है।

# सप्लाई संकट के बीच पेट्रोल पंपों में जुट रही लोगों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील तथा छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति प्रभावित होने की खबरों के बीच जिला मुख्यालय कवर्धा में ईंधन की मांग अचानक बढ़ गई है।



स्थिति यह है कि शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर आम दिनों की तुलना में कहीं अधिक भीड़ देखी जा रही है और लोग बड़ी मात्रा में पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंच रहे हैं। गुरुवार को शहर के सिग्नल चौक और लोहारा नाका स्थित पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों की भारी भीड़ के कारण कई स्थानों पर अव्यवस्था जैसी स्थिति निर्मित हो गई।

लोगों में इस बात की आशंका बढ़ती जा रही है कि आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल की किल्लत और गहरा सकती है। इसी डर के चलते नागरिक जरूरत से ज्यादा ईंधन संग्रह करने में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार, बुधवार को नगर के लोहारा रोड स्थित एक पेट्रोल पंप में सप्लाई प्रभावित होने के कारण पेट्रोल वितरण पर अस्थायी सीमा तय करनी पड़ी थी। वहां दोपहिया वाहनों में मात्र 100 रुपये तक का ही पेट्रोल दिया जा रहा था। इस खबर के फैलते ही शहर के अन्य पेट्रोल पंपों पर भी वाहन चालकों की भीड़ बढ़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल आपूर्ति प्रभावित होने की खबरों ने आम नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते स्थिति सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में ईंधन संकट गहरा सकता है।

### शासन-प्रशासन को स्थिति पर रखनी होगी नजर

यही कारण है कि वाहन चालक फिलहाल अधिक से अधिक ईंधन भरवाने को प्राथमिकता दे रहे हैं। प्रबुद्ध नागरिकों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से स्थिति पर लगातार नजर रखने तथा पेट्रोल-डीजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ और मारामारी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय प्रशासन से यह भी अपेक्षा की जा रही है कि अफवाहों पर नियंत्रण रखने के साथ-साथ पेट्रोल पंप संचालकों के समन्वय से पर्याप्त ईंधन उपलब्ध कराया जाए, ताकि नागरिकों में भय और असमंजस की स्थिति पैदा न हो।

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब के सेवाकार्यों की सराहना

**कवर्धा।** कोरबा में 9-10 मई को संपन्न लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233-सी की कॉन्फ्रेंस में नगर के लायंस क्लब को आदिवासी इलाकों में सेवाकार्यों के लिए व्यापक सराहना मिली है। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर जैन व वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक ने कहा कि कवर्धा के लायंस क्लब ने जरूरतमंद आदिवासियों को कंबल व टिफिन बॉक्स बांटकर डिसट्रिक्ट के सेवाकार्यों में एक विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है।

### जिले में रोजगार मेला का आयोजन 20 को

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम में 20 मई 2026 बुधवार को प्रातः 10.30 बजे से 03 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रूपेश कम्प्यूटर एंड सीसीटीवी, पुराना बस स्टैण्ड के पास, कवर्धा द्वारा पद सेल्स आफिसर के 10 पद, स्टॉर आदर्श होम हेल्थ केयर सर्विस सोसायटी, राधा विहार कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर द्वारा पद केयर टेकर के 100 पदों एवं शिवालीक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड, इंजीनियरिंग पार्क, हैवी इंडस्ट्रीज एरिया, हथखोज, भिलाई, जिला दुर्ग द्वारा पद आईटीआई ट्रेनी के 50 पद पर भर्ती किया जाना है। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। चयन संबंधी कार्यवाही नियोजक द्वारा ही किया जाना है, अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य विस्तृत जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

### पात्र विद्यार्थियों को मिलेगा छात्रवृत्ति

**कवर्धा।** केन्द्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कम्पोनेंट्स ।। के तहत कक्षा पहली से दसवीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को देय अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन जारी किए जाएंगे। यह प्रमाण पत्र जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र की भांति अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार स्तर से जारी किया जाएगा। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार चिप्स द्वारा ऑनलाइन प्रमाण पत्र की प्रक्रिया तैयार कर इसे लाइव कर दिया गया है। अब आवेदक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी अथवा तहसीलदार कार्यालय स्थित लोक सेवा केन्द्र में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन कर सकेंगे।

# कुकदुर सरकारी अस्पताल में सुविधाओं का भारी टोटा

## एक ही डॉक्टर के भरोसे व्यवस्था, स्टाफ की भारी कमी



- अव्यवस्थाओं के बीच कराह रही वनवासियों की स्वास्थ्य सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

वनांचल क्षेत्र के लिए वरदान समझा जाने वाला 20 बिस्तरों का कुकदुर सरकारी अस्पताल आज स्वयं बीमार नजर आ रहा है। वर्ष 2022 से संचालित इस अस्पताल में संसाधनों और मैनपावर की भारी कमी ने इसे महज एक रेफरल सेंटर बनाकर रख दिया है।

आलम यह है कि यहां मूलभूत सुविधाओं से लेकर जिम्मेदार पदों पर नियुक्तियों तक, हर मोर्चे पर विभागीय नजरंदाजी साफ दिखाई देती है। अस्पताल की विडंबना देखिए कि यहां मेडिकल ऑफिसर और महिला चिकित्सक की जिम्मेदारी एक ही कंधों पर है। उनके अवकाश पर जाते ही पूरी चिकित्सा व्यवस्था ठप हो जाती है।

स्टाफ नर्सों की संख्या जरूरत के मुकाबले आधी से भी कम मात्र 2 है, जबकि वार्ड में कम से कम 4 से 5 नर्सों की आवश्यकता है। फार्मासिस्ट का पद रिक्त होने के कारण दवा वितरण प्रभावित है, वहीं अस्पताल की रीढ़ समझे जाने वाले वार्ड बॉय और सफाईकर्मियों की संख्या शून्य है।

### प्रभारी को हटाने से संचालन प्रभावित, नाराजगी

अस्पताल के प्रशासनिक ढांचे में हाल ही में हुए बदलाव ने भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, पूर्व में पदस्थ महिला चिकित्सक को बिना किसी ठोस कारण के प्रभारी पद से हटाकर पंडरिया बीएमओ को प्रभार सौंप दिया गया है। इस फैसले से न केवल अस्पताल के दैनिक संचालन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, बल्कि बिना कारण प्रभार मुक्त किए जाने से महिला चिकित्सक भी हतोत्साहित महसूस कर रही हैं।

### अंधेरे में अस्पताल, जनरेटर, ओटी नहीं

आज के आधुनिक दौर में जहां स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल और हाई-टेक बनाने की बात हो रही है, वहीं कुकदुर अस्पताल में बिजली कटने पर वैकल्पिक प्रकाश (जनरेटर या इनवर्टर) तक की व्यवस्था नहीं है। 20 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर (ओटी) का न होना विभाग की सबसे बड़ी लापरवाही दर्शाता है। इसके अलावा, अस्पताल में बाउंड्री वॉल और वाटर कूलर जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है, जिससे सुरक्षा और गरिमा पर सवाल उठ रहे हैं।

### संवेदनशील क्षेत्र, फिर भी उपेक्षा

यहां दांतों के बेहतर इलाज के होने के कारण दूर-दराज से बड़ी संख्या में मरीज आते हैं,जिन्हें शहरों की अपेक्षा यहां काफी सहूलियत और राहत भी मिलती है। बताना लाजिमी होगा कि यहां सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से यह क्षेत्र बेहद संवेदनशील है और नजदीकी अस्पताल होने के चलते आए दिन आपातकालीन स्थिति में मरीजों को त्वरित उपचार के लिए यहां लाया जाता है। लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों और उपकरणों की कमी के कारण गंभीर मरीजों को अन्यत्र रेफर करना मजबूरी बन गया है।

### क्षेत्रीय विधायक से लोगों को उम्मीद

क्षेत्र की जनता ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि रिक्त पदों को तत्काल भरा जाए, बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को दूर कर अस्पताल को वास्तव में इलाज का केंद्र बनाया जाए। चर्चा में लोगों ने क्षेत्र की लोकप्रिय और प्रदेश की उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा पर भरोसा जाहिर करते हुए कहा कि दीदी जी की पहल पर इस अस्पताल की सारी कमियां दूर होंगी और वे इस ओर भी जरूर ध्यान देंगी।

# गौरकापा धाम में 16 मई को धूमधाम से मनाया जाएगा श्री शनि जन्म महोत्सव, उमड़ेगी आस्था

- मंदिर समिति एवं आयोजकों द्वारा तैयारियों को दिया जा रहा है अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

क्षेत्र के सुप्रसिद्ध सनातन आस्था केंद्र श्री गौरकापा धाम (ग्राम पंचायत दुल्लापुर बाजार) में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शनि जयंती का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

शनिवार, 16 मई 2026 को आयोजित होने वाले इस श्री शनि जन्म महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। महोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति और आयोजकों के अनुसार, इस विशेष दिन पर प्रातः काल भगवान शनि देव का विधि-विधान से पूजन और विशेष तेल से महाअभिषेक किया जाएगा।



शनि पूजा एवं शनि चालीसा पाठ तथा भव्य महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ लेंगे। भगवान को महाभोग अर्पित करने के पश्चात भक्तों के लिए विशाल महाप्रसाद वितरण का आयोजन भी रखा गया है। आयोजन के मुख्य संरक्षक महंत विवेक गिरी महाराज हैं। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता को सपरिवार इस पावन पर्व में सम्मिलित होने और भगवान श्री गणेश, श्री हनुमान जी और शनि देव का आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु सादर आमंत्रित किया है।

# बोड़ला की होनहार बेटियों ने बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में नगर की दो प्रतिभाशाली छात्राओं आरिका माग्रे एवं भूमि माग्रे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परिवार, समाज और जिले का नाम रोशन किया है।





दोनों छात्राएं कवर्धा स्थित रामकृष्ण स्कूल की छात्राएं हैं और अपने शानदार परिणाम से क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। बायोलॉजी संकाय की छात्रा आरिका माग्रे ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं कॉमर्स संकाय की छात्रा भूमि माग्रे ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं ने जिले में भी उल्लेखनीय स्थान बनाकर नगर को गौरवान्वित किया है। दोनों चचेरी बहनें प्रारंभ से ही पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रही हैं। परिणाम घोषित होने के बाद उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। परिवार ने इस सफलता का श्रेय छात्राओं की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

इधर, मानिकपुरी समाज ने भी दोनों छात्राओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें समाज का गौरव बताया। समाज के राकेश दास, सुनील दास, भोला दास, बंटी एवं लकी मानिकपुरी ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अब सिर्फ घर नहीं चला रही महिलाएं, रानी मिस्त्री बनकर खड़ा कर रही घर भी



हरिभूमि/कवर्धा। कभी दूसरों के निर्माण कार्यों में सिर्फ ईंट उठाने और मसाला ढोने तक सीमित रहने वाली ग्राम राम्हेपुर की महिलाएं आज खुद मकानों की दीवारें खड़ी कर रही हैं। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के इस छोटे से गांव में अब महिलाएं "रानी मिस्त्री" बनकर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रही हैं। गांव की कमला बाई, फूलमती और सावित्री जैसी महिलाएं बताती हैं कि पहले वे निर्माण कार्यों में केवल रेजा और हेल्पर का काम करती थीं। दिनभर मेहनत के बाद भी मजदूरी कम मिलती थी और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं हो पाती थी। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। 30 दिवसीय प्रशिक्षण के बाद वे खुद दीवार निर्माण, प्लास्टरिंग, नाप-जोख, शटरिंग और निर्माण गुणवत्ता की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के ग्राम राम्हेपुर में प्रोजेक्ट उन्नति के तहत 35 ग्रामीण महिलाओं को "रानी मिस्त्री" के रूप में प्रशिक्षित किया गया। आरसेटी द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में महिलाओं को केवल राजमिस्त्री का तकनीकी ज्ञान ही नहीं दिया गया, बल्कि शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी और कार्यस्थल पर सुरक्षा उपायों का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। आज यही महिलाएं गांव और आसपास के क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सहित अन्य निर्माण कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। पहले जहां निर्माण कार्य पुरुषों का क्षेत्र माना जाता था, वहीं अब महिलाएं खुद राजमिस्त्री बनकर समाज की सोच बदल रही हैं। राम्हेपुर की इन महिलाओं की कहानी केवल रोजगार पाने की कहानी नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्वास, सम्मान और सामाजिक बदलाव की कहानी है। जिन हाथों ने अब तक घर चलाने की जिम्मेदारी उठाई है वही हाथ अब लोगों के सपनों का घर खड़ा कर रहे हैं।

## ग्राम बिजई में ग्रामीणों ने निकाली भव्य कलश यात्रा

# श्री शनिदेव जयंती पर 3 दिवसीय मेला



### 16 मई को रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम

16 मई को रात्रिकालीन कार्यक्रम में आराधना म्यूजिकल ग्रुप बिलासपुर एवं गायक संतोष यादव द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पंडित अशोक पाठक, शनिदेव मंदिर पूजा-पाठ कर्ता रबेली की विशेष भूमिका रही। आयोजन का सफल संचालन श्री शनिदेव समिति एवं समस्त ग्रामवासी रबेली द्वारा किया जा रहा है। मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिजई

ग्राम रबेली में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम देवी-देवताओं के आशीर्वाद से श्री शनिदेव जयंती एवं तीन दिवसीय मेला कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन का शुभारंभ 14 मई की सुबह 7 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। शनिदेव मंदिर प्रांगण रबेली में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में पंडित शंकर लाल मिश्रा, श्रीराम कथा एवं श्रीमद्भागवत कथा वाचक पंडरिया द्वारा दोपहर 3 बजे से कथा वाचन किया गया। वहीं शाम के समय आचार्य प्रशांत शर्मा, भागवताचार्य दुल्लापुर-रबेली ने भक्तों को धर्म और भक्ति का संदेश दिया।

14 मई की रात्रि में मोर तुलसी के बिरवा मानस परिवार ग्राम लौचन द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में गायिका कुमारी अनुराधा एवं यशवंत साहू ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा व्यास पंडित राम लोचन तिवारी रबेली वाले, मानस रत्न एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता ने भी धार्मिक प्रवचन दिए।

15 मई की रात्रि में मां वैभव मानस परिवार ग्राम निंगापुर की प्रस्तुति आयोजित होगी, जिसमें गायक दुर्गेश चंद्रवंशी भजनों की प्रस्तुति देंगे।

# यूनिसेफ व भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

यूनिसेफ एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में तारुण्य वार्ता पीरियड्स पर खुलकर अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ रायपुर स्थित श्री बालाजी विद्या मंदिर में हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्तों एवं एडल्ट लीडर्स ने भाग लिया।



कबीरधाम जिले से जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी, गाइड कैप्टिन संगीता साहू एवं गाइड कैप्टिन शीतला साहू प्रशिक्षण में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म जैसे विषय पर चुप्पी नहीं, बल्कि जागरूकता और खुलकर संवाद की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बालिका को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सम्मानजनक माहवारी प्रबंधन का अधिकार मिलना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने कहा कि यूनिसेफ के सहयोग से प्रारंभ इस अभियान को प्रदेश के हर वर्ग तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अभियान का समापन 28 मई को मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में होगा। यूनिसेफ की छत्तीसगढ़ हेड सीमा कुमार ने कहा कि यह अभियान केवल स्वास्थ्य जागरूकता तक सीमित नहीं, बल्कि बालिकाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण से जुड़ा है। उन्होंने माहवारी से जुड़े मिथकों और झिझक को समाप्त करने तथा लड़कों को भी इस विषय में संवेदनशील बनाने पर जोर दिया।